उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

संख्या-16/2025/आई/1005569/2025-फा0नं0-10-22099/1401/2020

लखनऊ: दिनांक 27 जून, 2025

कार्यालय-ज्ञाप

विषय:- पंचम वेतन आयोग के वेतनमानों में पेंशन/पारिवारिक पेंशन/अनन्तिम पेंशन आहरित कर रहे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को दिनांक 01.01.2025 से महँगाई राहत की स्वीकृति।

पंचम वेतन आयोग के वेतनमानों में पेंशन/पारिवारिक पेंशन/अनन्तिम पेंशन आहरित कर रहे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को पूर्व में कार्यालय-ज्ञाप संख्या- संख्या-1/2025/आई/841273/2025/फा0नं0-10-22099/1401/20220-22 दिनांक 03 जनवरी, 2025 द्वारा दिनांक 01.07.2024 से देय महँगाई राहत की मासिक दर 455 प्रतिशत स्वीकृत की गयी थी।

2- उत्तर प्रदेश सरकार के ऐसे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों, जो पंचम वेतन आयोग के वेतनमानों में पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, को निम्न तालिका के अनुसार मासिक दर पर महँगाई राहत अनुमन्य किये जाने की श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं:-

| तिथि जब से देय है | महँगाई राहत की मासिक दर |
|---|---|
| 01.01.2025 | 466 प्रतिशत |

3- ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जिन्हें पंचम वेतनमान के अधीन स्वीकृत अपुनरीक्षित अन्तिम दरों पर पेंशन मिल रही है, को उपरोक्तानुसार उल्लिखित दरों पर महँगाई राहत अनुमन्य होगी।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- चूँकि अनन्तिम पेंशन एवं उस पर महँगाई राहत का भुगतान अधिष्ठान बिलों पर आहरित करके किया जाता है, इसलिये यह प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उपरोक्त प्रस्तर-2 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार अनन्तिम पेंशन की धनराशि पर महँगाई राहत की गणना करके भुगतान करेंगे।

विजय कुमार सिंह
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-1 व 2 एवं आडिट-1 व 2, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- शासन के समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उ0प्र0 शासन।
4- निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश।
5- निदेशक, पेंशन, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त कोषागार, उत्तर प्रदेश।
7- समस्त पेंशनर संघ, उत्तर प्रदेश।
8- प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद, विधान भवन, लखनऊ।
9- प्रमुख सचिव, वित्त उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
10- महालेखाकार कार्यालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

आज्ञा से,
राजेन्द्र कुमार
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।